

गोहाना। विभाग की इंचार्ज डा. बबीता लोहान अतिथिगणों को सम्मनित करते हुए।

हरि भूमि 11-5-15

# सकारात्मक सोच ही विकास का आधार

गोहाना। गांव खानपुर कलां स्थित बीपीएस विश्वविद्यालय के इतिहास एंव पुरातत्व विभाग में मंगलवार को छात्रा प्रेरणा एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य वक्ता आयुर्वेद विभाग के एसोसिएट प्रो. डा. नरेश भार्गव थे। उन्होंने छात्राओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वे बोले कि सकारात्मक सोच ही विकास का आधार है। मुख्य वक्ता डा. नरेश भार्गव ने कहा कि जीवन में विकास के लिए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। जो व्यक्ति सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ता है वह सामाजिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और विकास का गहन संबंध है। स्वास्थ्य ही विकास की पहली सीढ़ी है। इस समारोह की विशिष्ट वक्ता डा. संगीता ने छात्राओं को महावारी संबंधित जानकारी दी। समारोह की अध्यक्षता इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की इंचार्ज डा. बबीता लोहान ने की। उनके अनुसार विभाग में प्रारम्भ में 22 छात्राएं थीं जो संख्या आज बढ़कर 70 हो चुकी है। इस उपलब्धि के लिए महिला विवि की कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने विभाग को बधाई दी।

Chairperson
Deptt. of History & Archaeology
B.P.S.M.V Khanpur Kalan, Sonepat

# नैना व अंजलि बनीं मिस फेयरवेल



महिला विवि में विभाग की इंचार्ज डॉ. बबीता लोहान छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए • जागरण

जासं, खानपुर कलां : बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में सोमवार को फेयरवेल पार्टी आयोजित की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रमों में बेहतर प्रस्तुति के आधार पर छात्रा नैना और अंजलि को मिस फेयरवेल चुना गया। फेयरवेल पार्टी में मनीषा को मिस पर्सनेलिटी और रुबल को मिस टैलेंट चुना गया। समारोह में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता विभाग की इंचार्ज डॉ. बबीता लोहान ने की। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्राओं को कहा कि जीवन में अनुशासन में रहकर कठोर मेहनत करते हुए ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों में पिंकी कुमारी, शीतल देवी, डॉ. सुमेर सिंह

Chairperson
Deptt. of History & Archaeology
B.P.S.M.V Khanpur Kalan, Sonepat

Chairperson
Deptt. of History & Archaeology
B.P.S.M.V Khanpur Kalan, Sonepat

Scanned by CamScanner

कृष्ण, नरेश पांचाल, पवन धीमान आदि उपस्थित थे।

# इतिहास के साथ पुरातत्व की महत्ता को समझना जरूरी



**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि, खानपुर कलां के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा सेमिनार आयोजित किया। प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण केसरवानी ने बुद्धिष्ठ रिमेंस इन हरियाणा विषय अपने विचार रखे। उन्होंनें बताया कि इतिहास के साथ-साथ पुरातत्व की महत्ता को समझना बहुत जरुरी है। हमें इतिहास और पुरातत्व तथा अपनी जीवन संस्कृति को एक दूसरे में समाहित करके इतिहास के अवयवों को नई दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। तभी हम सही मायने में निष्पक्ष इतिहास का निर्माण कर सकते है। विभाग की इंचार्ज डॉ.बबीता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर डॉ.मोनिका व पिंकी कुमारी आदि उपस्थित थे।

-17-

अमर उजाला 6-10-19



गोहाना। फ्रेशर पार्टी में शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राएं अपने शिक्षकों के साथ।

# लवली मिस प्रतिभाशाली और सोनिया को मिला मिस पर्सनेलिटी का खिताब

गोहाना। बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में पुरातत्व विभाग में शनिवार को फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। पार्टी में छात्रा लवली को मिस प्रतिभाशाली, सोनिया को मिस पर्सनेलिटी और सपना को मिस फ्रेशर का खिताब मिला। इस पार्टी की अध्यक्षता विभाग की इंचार्ज बबीता लोहान ने की। लोहान ने पार्टी में शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। इंचार्ज बबीता लोहान ने कहा के जीवन में आगे बढ़ने के लिए खुद की प्रतिभा को पहचानने की जरूरत होती । छात्राएं सफलता हासिल करने के लिए अपनी प्रतिभा को पहचानें और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें। लोहान ने छात्राओं को अच्छे संस्कार ग्रहण करने पर बल या। उन्होंने कहा कि अच्छे संस्कार ग्रहण करने व्यक्तित्व का विकास होता है। शर पार्टी में छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का नदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन में विभाग के शिक्षक डा. सुमेर सिंह, डा. निका रानी, पिंकी कुमारी और शीतल देवी का विशेष योगदान रहा।

Bibi 7/10/19

महिला विवि के पुरातत्व विभाग में प्रेरणा दिवस का आयोजन

# सफलता पाने के लिए निरंतर मेहनत करना जरूरी : लोहान



गोहाना. महिला विवि में छात्रा को सम्मानित करते हुए।

भास्कर न्यूज | गोहाना

11-9-19

बीपीएस महिला विवि, खानपुर कलां के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में मंगलवार को छात्रा प्रेरणा एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुर्वेद विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नरेश भार्गव ने छात्राओं को सकारात्मक सोच रखते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की इंचार्ज डॉ. बबीता लोहान ने की। लोहान ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत जरूरी है। इसलिए छात्राएं दाखिला लेने के बाद से ही मेहनत करना शुरू करें। उन्होंने बताया कि विभाग में शुरूआत में 22 छात्राएं थी, जिनकी संख्या अब बढ़कर करीब 70 हो चुकी हैं। इस अवसर पर डॉ. संगीता ने भी छात्राओं को संबोधित किया।

दैनिक भास्कर 1-12-19

# आधुनिक भारत में उपनिवेशवाद के उदय पर चर्चा की

भास्कर न्यूज़|गोहाना

भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एमडीयू, रोहतक के इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. जयवीर धनखड़ ने भारत में उपनिवेशवाद विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने प्राचीन समय से लेकर मध्यकाल और आधुनिक भारत में उपनिवेशवाद के उदय के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की इंचार्ज डॉ. बबीता लोहान ने की। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के बारे में जानना हो तो उसकी इतिहास के बारे में जानकारी जुटानी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को प्राचीन समय में घटित होने वाली घटनाओं पर शोध करने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर शीतल देवी, डॉ.मोनिका रानी, पिंकी कुमारी, डॉ.सुमेर सिंह आदि उपस्थित थे।



गोहाना. सेमिनार में मुख्य वक्ता को सम्मानित करती हुई।

अमर उजाला 6-10-19

# महिला विवि में सपना मिस फ्रेशर बनीं

गोहाना। गांव खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला विवि के इतिहास विभाग की फ्रेशर पार्टी में सपना को मिस फ्रेशर, लवली को मिस प्रतिभाशाली और सोनिया को मिस पर्सनालिटी चुना गय इस दौरान इतिहास विभाग की इंचार्ज डॉ. बबीता लोहान ने छात्राओं से कहा कि वह जीवन में अनुशासन में रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि कठोर मेहनत करने से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान डॉ. सुमेर सिंह, डॉ. मोनिका, रानी, पिंकी कुमारी और शीतल देवी उपस्थित रहे।

Bahik 11/10/19

**DSW Bpsmv Khanpur Kalan (Hr.) India**

3 hrs

भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में 28/11/2019 को एक विस्तारक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महार्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (रोहतक) के इतिहास विभाग के अध्याक्ष डॉ॰ जयवीर धनखड ने भारत में उपनिवेशवाद विषय पर मख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होने प्राचीन समय से लेकर मध्यकाल और आधुनिक भारत में उपनिवेशवाद के उदय के कारण उद्देश्य और उसकी विभिन्न अवस्थाओं के बारे में छात्रों को बडे ही स्पष्ट और सरल शब्दों में समझाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की इंचार्ज डॉ॰ बबीता लोहान ने की। इस अवसर पर शीतल देवी, डॉ॰ मोनिका रानी, पिंकी कुमारी डॉ॰ सुमेर सिंह उपस्थित थे।

See Translation

